उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 14 चैत्र, शक संवत्, 1928
**( दिनांक : 04 अप्रैल, 2006 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद नैनीताल के ग्राम सड़ियाताल-ज्योलीकोट में हो रहे भारी भू-स्खलन का नियंत्रण एवं गांव की सुरक्षा के सम्बन्ध में" श्री हरगोविन्द सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद नैनीताल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद नैनीताल के राजकीय इण्टर कालेज ज्योलीकोट के पुराने भवनों का पुनः निर्माण के सम्बन्ध में" श्रीमती मुन्नी चौहान एवं अन्य निवासीगण, जनपद नैनीताल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद नैनीताल के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चोपड़ा में आम पड़ाव में आम पड़ाव से हैड़ा तक ट्रैक्टर रोड निर्माण के सम्बन्ध में" श्री धीरेन्द्र सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद नैनीताल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

8. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

9. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

....2/....

10. शिक्षा मंत्री, उत्तरांचल विद्यालयी शिक्षा विधेयक, 2006 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

11. शिक्षा मंत्री, उत्तरांचल विद्यालयी शिक्षा विधेयक, 2006 को पुरःस्थापित करेंगे।

12. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"ग")

13. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

14. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971) (संशोधन) विधेयक, 2006 जो उत्तरांचल विधान सभा द्वारा दिनांक 27 मार्च, 2006 को पारित किया गया और जो "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत श्री राज्यपाल द्वारा विधान सभा के पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ है, पर विचार किया जाय।

(श्री राज्यपाल के संदेश के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

15. संसदीय कार्य मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971) (संशोधन) विधेयक, 2006 जो उत्तरांचल विधान सभा द्वारा दिनांक 27 मार्च, 2006 को पारित किया गया और जो "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत श्री राज्यपाल द्वारा विधान सभा के पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ है, पारित किया जाय।

16. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि पतंजलि विश्वविद्यालय विधेयक, 2006 पर विचार किया जाय (30 मिनट)।

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>3. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>4. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>5. श्री अजय भट्ट,<br>6. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>7. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>8. श्री प्रकाश पन्त। | "पतंजलि विश्वविद्यालय विधेयक, 2006 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे।" |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

17. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि पतंजलि विश्वविद्यालय विधेयक, 2006 पारित किया जाय।

....3/...

18. वित्तीय वर्ष, 2006-2007 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

19. प्रदेश की औद्योगिक इकाईयों एवं प्रदेश की बाहर की इकाईयों को शीरे के आवंटन की अनुबन्ध की दरों विषयक दिनांक 21 अक्टूबर, 2005 को पूछे गये अल्पसूचित प्रश्न संख्या-1 नत्थी (क) के सम्बन्ध में डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-49 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

20. नियम 51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 04 अप्रैल, 2006**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

प्रथम सत्र, 2006
का प्रथम मंगलवार

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 14 चैत्र, शक संवत्, 1928

( दिनांक : 04 अप्रैल, 2006 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री अजय भट्ट
16-03-2006

** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल के किसानों द्वारा "लैमन ग्रास" पैदा की जा रही है? यदि हाँ, तो यू0पी0 की कृषक फर्म को बिना टैण्डर किये उ0प्र0 से उत्तरांचल तक "लैमन ग्रास" की पौध ढुलाई हेतु 3 करोड़ रूपये का ठेका किस आधार पर भुगतान किया गया तथा अब तक उ0प्र0 से कुल कितनी मूल्य की "लैमन ग्रास" क्रय की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उत्तरांचल के किसानों से "लैमन ग्रास" की पौध न खरीद कर उ0प्र0 के किसानों से महंगे दर पर पौध खरीदने के क्या कारण थे?

वन

श्री प्रकाश पन्त
22-03-2006
श्रीमती विजय बड़थ्वाल
22-03-2006
श्री अरविन्द पाण्डे
22-03-2006
श्री कैलाश शर्मा
22-03-2006

** क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की सीमा के अन्तर्गत संचालित किये जाने वाले व्यवसायिक वाहनों के टैक्सी परमिट निर्गत नहीं किये जा रहे हैं? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं? क्या सरकार पुनः व्यवसायिक टैक्सी परमिटों को निर्गत करने के संबंध में विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

परिवहन

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| काजी निजामुद्दीन<br>28-12-2005 | *1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने की कृपा करेंगी कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों की लम्बाई कुल कितनी है तथा यह पूरे देश के राष्ट्रीय राजमार्गों की लम्बाई के अनुपात में कितने प्रतिशत है? क्या प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के कतिपय राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किये जाने हेतु प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजे हैं? यदि हाँ, तो कब और वे प्रस्ताव कितनी लम्बाई के हैं? | **लोक निर्माण** |
| श्री मदन कौशिक<br>29-12-2005 | *2. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार वनाच्छादित क्षेत्र मानक से कम हैं? यदि हाँ, तो इसके लिये वृक्षारोपण की कोई योजना बनायी गयी है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30-12-2005 | *3. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्लास्टिक प्रदूषण रोकने हेतु कैरीबैग की माइक्रोन थिकनेस बढ़ाये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो इसे कब तक लागू कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन एवं पर्यावरण** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>06-01-2006 | *4. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में बायो डीजल पैदा करने वाला पौधा जैट्रोफा कुल कितने क्षेत्रफल में लगाया गया है? जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत उक्त पौधे को कुल कितने क्षेत्रफल में और कहाँ-कहाँ रोपण किया गया है? क्या भविष्य में इसके विस्तार की कोई योजना है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन एवं पर्यावरण** |
| श्री हरबंस कपूर<br>13-01-2006 | *5. क्या वन मंत्री के संज्ञान में है कि उत्तरांचल के सीमान्त क्षेत्र टनकपुर के शारदा रेंज का शारदा टापू संख्या 36, 37 क्षेत्र में व्याप्त वनों में साल, शीशम व सागौन जैसे कीमती पेड़ो को माओवादियों द्वारा काटे जा रहे है और वृक्षों को नेपाल क्षेत्र की आरा मशीनों को बेचा जा रहा है? यदि हाँ, तो वन विभाग द्वारा अवैध कटान एवं वृक्षों को नेपाल क्षेत्र की आरा मशीनों को बेचने के पूरे प्रकरण की जांच करवाकर दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री अजय भट्ट<br>13-01-2006 | *6. क्या सूचना मंत्री अवगत हैं कि सरकार की पारदर्शी सूचना नीति एवं प्रैस व मान्यता समितियों का राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गठन हेतु उत्तरांचल के पत्रकार लम्बे समय से आन्दोलन कर रहे हैं? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस दिशा में पत्रकारों की मांगों की पूर्ति हेतु क्या कदम उठाये हैं? यदि नहीं, तो क्यों एवं कब तक उक्त मांगों पर पूर्णतः विचार किया जायेगा? | **सूचना** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पन्त<br>18-01-2006 | *7. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन विकास निगम में लकड़ी कटान के ठेके निविदा के आधार पर विभागीय स्तर पर किये जा रहे हैं? यदि हाँ, तो इस प्रक्रिया के कारण राज्य को वर्ष 2005-06 में निविदाओं के माध्यम से होने वाली आय से कितनी क्षति हुई? क्या सरकार पुनः वन विकास निगम के लकड़ी कटान इत्यादि कार्य निविदा के आधार पर करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक आदेश निर्गत कर दिये जायेंगे? यदि नही, तो क्यों? | वन |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>10-02-2006 | *8. क्या लोक निर्माण मंत्री भिज्ञ हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत रिस्पना पुल के दोनों ओर प्रतिदिन सड़क में ट्रैफिक के कारण जाम रहता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार के पास रिस्पना पुल के चौड़ीकरण तथा पुल के दोनों ओर के चौराहों के विस्तारीकरण का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक पुल व चौराहे का विस्तारीकरण का कार्य पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री तसलीम अहमद<br>13-02-2006 | *9. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के किन-किन वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में अधिसूचित करने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे गये हैं और किन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाये जाने की मांग की जा रही है? सरकार द्वारा इस दिशा में क्या प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिघंल<br>16-02-2006 | *10. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कृषि वानिकी के प्रोत्साहन हेतु क्या सरकार पॉपलर प्रजाति की लकड़ी की भांति किसानों द्वारा उत्पादित ''यूकेलिपटस'' प्रजाति की लकड़ी पर निकासी रवन्ना समाप्त करने का विचार कर रहीं है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>23-02-2006 | *11. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बाघों द्वारा लोगों पर हमला करने की घटनाओं में वृद्धि हुई है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त घटनाओं को रोकने हेतु कोई योजना बनायी जा रही है? यदि हाँ, तो योजना का स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>23-12-2005 | 1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि कोटद्वार-कालागढ़-रामनगर मोटर मार्ग (कंडी मार्ग) के निर्माण की योजना तैयार कर ली गई है? यदि हाँ, तो निर्माण कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? क्या उक्त मार्ग पर यात्री बसें चलायी जा रही हैं? यदि नही तो क्यों? | द्वितीय मंगलवार के अता0 15 में स्था0 |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23-12-2005 | 2. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वन पंचायत नियमावली में संशोधन कर राज्य सरकार के नाम दर्ज बेनाप भूमि को ग्राम पंचायतों को हस्तान्तरित किये जाने पर सरकार विचार कर रही है? क्या सरकार वर्ष 1996 में जारी शासनादेश में संशोधन कर वन नीति को नवीन स्वरूप दिया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24-12-2005 | 3. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी में श्री यमुनोत्री धाम जाने के लिये जानकी चट्टी से श्री यमुनात्री धाम तक पैदल मार्ग निर्माणाधीन है? क्या यह सत्य है कि 11 मई, 2005 को महामहिम श्री राज्यपाल उत्तरांचल शासन द्वारा उक्त पैदल मार्ग पर प्रयुक्त हो रहीं ईटों व रेता, बजरी की जांच व कार्य की गुणवता की जांच के आदेश दिये गये थे? यदि हाँ, तो क्या जांच पूर्ण हो चुकी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26-12-2005 | 4. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में स्थित विभिन्न बुग्यालों के सम्बर्द्धन व संरक्षण के लिये सरकार द्वारा कोई योजना बनायी गयी है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>26-12-2005 | 5. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन विभाग में योजनाओं एवं मरम्मत कार्यो हेतु बिना निविदा आमन्त्रित किये विभागीय रूप से कार्य करवाने को प्रभाग स्तर पर व्यय करने की कोई सीमा निर्धारित है? यदि हाँ, तो कितनी? क्या विभाग द्वारा निर्धारित व्यय सीमा से अधिक किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी वित्तीय अनियमितता रोकने हेतु कोई ठोस कदम उठायेंगे? | वन |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>26-12-2005 | 6. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत गनाई-जौरासी मोटर मार्ग निर्माण वर्ष 1978-79 में अध्यापित हुई भूमि का प्रतिकर भुगतान संबंधित व्यक्तियों को कर दिया है? यदि हाँ, तो किन-किन व्यक्तियों को कितना-कितना भुगतान किया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों तथा कितने व्यक्तियों को भुगतान किया जाना शेष है? | तृतीय मंगलवार तक के लिये स्थगित |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>26-12-2005 | 7. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विकासखण्ड चौखुटिया अन्तर्गत चौखुटिया मासी मुख्य मोटर मार्ग अत्यधिक खराब होने के कारण दुर्धटना की आशंका बनी रहती है? यदि हाँ, तो सरकार उक्त मोटर मार्ग का डामरीकरण व सुधारीकरण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करवायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>26-12-2005 | 8. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि द्वाराहाट विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत विकासखण्ड चौखुटिया एवं विकासखण्ड द्वाराहाट जनपद अल्मोड़ा के मुख्य बाजार में वर्षा ऋतु में वर्षा का जल भरने से जनता को अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार मुख्य बाजार के जल निकासी हेतु नालों की क्षमता को बढ़ाये जाने की कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>26-12-2005<br>श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30-12-2005 | 9. क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगी कि लोक निर्माण विभाग में कम्प्यूट्रीकृत व्यवस्था लागू होने पर वर्ष 2001 से लगभग 37 कम्प्यूटर आपरेटर विभिन्न खण्डों/वृत्तों में कार्य करते आ रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार लगभग 5 वर्षों से कार्यरत इन कम्प्यूटर आपरेटरों का नियमितीकरण किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27-12-2005 | 10. क्या सूचना मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि राज्य में पत्रकार मान्यता समिति व विज्ञापन मान्यता समिति का गठन कर लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सूचना** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27-12-2005 | 11. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में विभिन्न वन्य प्राणियों की गणना की गयी है? यदि हाँ, तो राज्य में पायी जाने वाली प्राणी जगत की प्रजातिवार संख्या क्या है? क्या सरकार ब्योरा/विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27-12-2005 | 12. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव में राजकीय इण्टर कालेज नौगांव के सभागार के पृष्ठभाग में नौगांव-राजगढ़ी मोटर मार्ग की दीवार ढ़हने से सभागार का पृष्ठभाग क्षतिग्रस्त हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त दीवार का निर्माण तथा सभागार के पृष्ठभाग में पड़े मलबे को कब तक उठा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27-12-2005 | **13.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगाव के दिल्ली-यमुनोत्री मोटर मार्ग के झरझरगाड़ में मोटर पुल न होने के कारण वर्षाकाल में अधिक पानी आ जाने से मार्ग अवरूद्ध हो जाता है फलस्वरूप तीर्थ यात्रियों व क्षेत्रीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में झरझरगाड़ पर मोटर पुल का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>27-12-2005 | **14.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के सुदूरवर्ती क्षेत्र पट्टी पल्ला कमस्यार घाटी के लोग आज भी मोटर सुविधा से वंचित हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार पुस्तोला, दाड़ीगाड, नरगोली, तुसरेड़ा, ढागा-ओलानी, नगराड़ी, देवतोली, भण्डरगांव, पढ़ाव, ध्योली पटला, कोटभण्डार, खातीगांव तथा कोश्यारी गांव आदि गांवों को निकट भविष्य में सड़क मार्ग से जोड़ने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>28-12-2005 | **15.** क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगी कि पटवाडाँगर-रोपड़ रोड़ निर्माण का (जिला नैनीताल) प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या शासन द्वारा उक्त मार्ग हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29-12-2005 | **16.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी में मनेरी-जखोली-द्वारी-रैथल मोटरमार्ग पर द्वारी में नवला नदी पर मोटर पुल निर्माण कार्य कब तक पूर्ण करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29-12-2005 | **17.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के राजकीय इण्टर कॉलेज चिन्यालीसौड़ के विद्यालय परिसर में यूकेलिप्टस के भारी तथा पुराने वृक्षों के उखड़ने का खतरा बना हुआ है? क्या यह सत्य है कि विद्यालय प्रशासन द्वारा इन वृक्षों के पातन के लिए वन विभाग से वर्ष 2002 से लगातार अनुरोध किया जा रहा है? यदि हाँ, तो विभाग द्वारा इन वृक्षों का पातन विद्यालय हित में कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29-12-2005 | **18.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में जानकीचट्टी से यमुनोत्री पैदल मार्ग के कई मोड़ों पर रेलिंग न होने से हर समय भयंकर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार यात्रियों के हित में पैदल मार्ग के खतरे वाले स्थानों व मोड़ों पर रेलिंग स्थापित करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>30–12–2005 | 19. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि वर्ष 2005–2006 में राज्य को केन्द्र से सड़क निर्माण हेतु कितना धन प्राप्त हुआ है और कितना धन खर्च किया गया? क्या सरकार द्वारा केन्द्र से सड़क निर्माण हेतु मिले सम्पूर्ण धन को ठीक तरह खर्च करने हेतु कोई योजना बनाई गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30–12–2005 | 20. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगांव हनुमान चट्टी से जानकी चट्टी तक हल्के वाहन मार्ग का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण व डामरीकरण किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30–12–2005 | 21. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के तहसील बड़कोट के फूलचट्टी तालुका तोक में खसरा संख्या 5920, 5921 व 5922 मध्य लगभग 6 नाली कृषि भूमि सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहित की गयी थी? क्या यह सत्य है कि उक्त भूमि के भूमिधरों को प्रतिकर भुगतान विभाग द्वारा नही किया गया है? यदि हाँ, तो प्रतिकर भुगतान कब तक कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30–12–2005 | 22. | क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के श्री गंगोत्री धाम से गौमुख–तपोवन क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण तथा बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनायी गयी है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस दिशा में क्या उपाय किये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन एवं पर्यावरण** |
| डा० नारायण सिंह जन्तवाल<br>31–12–2005 | 23. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल अन्तर्गत बजून–जोग्यूड़ा मोटर निर्माण का कार्य एन०पी०बी० की धनराशि जमा न होने के कारण प्रारम्भ नहीं हो पाया है? यदि हाँ, तो सरकार कब तक एन०पी०बी० की धनराशि जमा कर देगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| डा० नारायण सिंह जन्तवाल<br>31–12–2005 | 24. | क्या वन मंत्री अवगत हैं कि वन विभाग के नैनीताल स्थित भवन कैन्टन लॉज को 31–8–2006 तक मा० उच्च न्यायालय नैनीताल को स्थानान्तरित करने का निर्णय लिया जा चुका है? यदि हाँ, तो कैन्टन लॉज स्थित कार्यालयों एवं आवासीय भवन के लिये वैकल्पिक व्यवस्था कर ली गयी है? यदि नहीं, तो क्या स्थानान्तरित अवधि से पूर्व वैकल्पिक स्थानों पर कार्यालय एवं आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जायेगी? | **वन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>31–12–2005 | 25. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में राज्य गठन से आज तक जंगली जानवरों द्वारा कितने लोगों की मौत हो चुकी है? जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाये जाने हेतु सरकार द्वारा क्या प्रभावी योजना बनायी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>31–12–2005 | 26. **दिनांक 03–04–2006 को अतारांकित 85 द्वारा उत्तरित** | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>31–12–2005 | 27. क्या सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि ऋषिकेश स्थित आई.डी.पी.एल. को राज्य का बायोटैक्नालॉजी पार्क बनाये जाने की सरकार की कोई योजना विचाराधीन है? यदि हाँ, तो इस पर कब तक कार्य प्रारम्भ कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **सूचना प्रौद्योगिकी** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>31–12–2005 | 28. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के गौमुख ग्लेशियर को पार कर 6 कि.मी. आगे तपोवन नामक स्थान में होटलनुमा आश्रम बन चुके हैं? क्या यह सत्य है कि तथा कथित साधुओं द्वारा इस क्षेत्र में बगैर अनुमति के देश–विदेश के पर्यटकों को ठहराया जाता है जिनमें विदेशी पर्यटकों की संख्या अधिक होती है? यदि हाँ, तो क्या सरकार नेशनल पार्क की सीमा में बने इन होटलनुमा आश्रमों को हटवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>31–12–2005 | 29. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वन पंचायतों के सुदृढ़ीकरण हेतु सरकार द्वारा क्या योजनायें संचालित की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में कुल कितनी वन पंचायते है तथा इन वन पंचायतों को कुल कितनी भूमि रखरखाव व वानिकी उन्नयन हेतु हस्तगत की जा चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02–01–2006 | 30. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी अन्तर्गत ग्राम दिलसौड़ व चामकोट में 17 जुलाई, 2005 को अतिवृष्टि व भूस्खलन से दोनों गांवों का आपसी सम्पर्क के साथ–साथ जिला मुख्यालय से भी सम्पर्क टूट गया था? यदि हाँ, तो क्या सरकार दिलसौड़ से बड़ेथी के मध्य भागीरथी नदी पर पैदल पुल का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>04-01-2006 | 31. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में वर्ष 2002 में सानदेव में ननपापो तक दो कि0मी0 सड़क स्वीकृत की गयी? यदि हाँ, तो अब तक उक्त सड़क न बनाये जाने का क्या कारण हैं? | लोक निर्माण |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>04-01-2006 | 32. क्या लोक निर्माण मंत्री को जानकारी है कि जनपद पिथौरागढ़ में सानेदव-चौबाटी मोटर मार्ग का डामर नवीनीकरण न होने के कारण सड़क में जगह-जगह से गड्ढ़े बन गये हैं? फलस्वरूप यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरक र उक्त मार्ग के नवीनीकरण हेतु वर्ष 2006 में धन स्वीकृत करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>06-01-2006 | 33. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि दिनांक 10 नवम्बर, 2004 को भीमताल जनपद नैनीताल में विकास भवन के लोकार्पण के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री द्वारा भीमताल में लोक निर्माण विभाग का निरीक्षण भवन बनाये जाने की घोषणा की गयी थी? यदि हाँ, तो निरीक्षण भवन निर्माण हेतु अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों तथा भवन कब तक निर्मित हो जायेगा? | लोक निर्माण |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>06-01-2006 | 34. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल अन्तर्गत भीमताल विकासखण्ड के तोक दानीजाला एवं सिमलखेत ग्राम पंचायत पसोली के ग्रामीणों को अपने दैनिक कार्यो हेतु गोला नदी पार कर जाना पड़ता है एवं क्या यह सत्य है कि वर्षा ऋतु ें गोला नदी में अधिक जलस्तर होने के कारण ग्रामीणों के सामने विकट समस्या उत्पन्न हो जाती है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर झूला पुल का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06-01-2006 | 35. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के चिन्यालीसौड़ जोगथ लम्बगाँव मोटर मार्ग के कि.मी. 32 से आगे 03 कि.मी. मोटर मार्ग का निर्माण कब तक करवाया जायेगा? क्या यह सत्य है कि स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों द्वारा 26.01.2006 को मोटर मार्ग निर्माण हेतु क्रमिक अनशन का निर्णय लिया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त तीन कि.मी. मोटर मार्ग का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>06-01-2006 | 36. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में वर्ष 1998-99 में शहीद खड़क सिंह के नाम से भड़गांव तक चार कि0मी0 सड़क स्वीकृत की गयी थी? क्या यह सत्य है कि उक्त सड़क निर्माण कार्य अभी तक शुरू नही हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार सड़क निर्माण शीघ्र आरम्भ करोयगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
07-01-2006

37. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में कोटद्वार के अन्तर्गत खो नदी (गाड़ीघाट) में केन्द्रीय सड़क निधि से स्वीकृत पुल का निर्माण कार्य आरम्भ न होने का क्या कारण हैं तथा कब तक इस पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री विशन सिंह चुफाल
07-01-2006

38. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के मड़ तथा प्रेमनगर के मध्य बरड़ नदी में झूला पुल में लगे टीन के चादर में जंग लग जाने से चादरें टूट गई हैं जिस कारण यातायात बन्द हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार अविलम्ब उक्त पुल का जीर्णोद्धार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री प्रीतम सिंह पंवार
07-01-2006

39. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग उत्तरकाशी का कार्यभार निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित किये जाने के आदेश दिये गये हैं? क्या इस खण्ड के सभी लेखों की लेखाबन्दी 31 मार्च, 2006 से पूर्व बन्द करना व समायोजित करना तकनीकी एवं वित्तीय नियमों के अन्तर्गत सम्भव है? यदि नहीं, तो 31 मार्च, 2006 तक दोनों खण्डों की स्थिति सरकार पूर्ववत रखेगी?

**लोक निर्माण**

श्री प्रीतम सिंह पंवार
07-01-2006

40. क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड देहरादून में कार्यरत कुछ संविदा कार्मिक नियमित नियुक्ति को लेकर पिछले चार माह से आन्दोलनरत हैं? क्या मा0 उच्च न्यायालय द्वारा आन्दोलनरत कार्मिकों को नियमित नियुक्ति के आदेश संस्था प्रमुख को दिये गये हैं? यदि हाँ, तो आन्दोलनरत कार्मिकों को कब तक नियमित नियुक्ति दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**वन एवं पर्यावरण**

श्री विशन सिंह चुफाल
10-01-2006

41. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के बांस-नगड़ से माला-कोटा तक तेरह कि0मी0 सड़क की वर्ष 2000 में वन विभाग से स्वीकृति मिली है, क्या यह सत्य है कि अब तक मात्र पांच कि0मी0 सड़क का ही निर्माण हो पाया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार शेष आठ कि0मी0 सड़क की वित्तीय वर्ष 2006 में स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री बिशन सिंह चुफाल
10-01-2006

42. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के बुंगाछीना, अलगड़ा तक पांच कि0मी0 सड़क स्वीकृत है? जिसमें तीन कि0मी0 सड़क का निर्माण किया गया है? क्या सरकार शेष दो कि0मी0 सड़क का निर्माण वर्ष 2005-2006 तक करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>10-01-2006 | 43. क्या लोक निर्माण मंत्री को जानकारी है कि जनपद पिथौरागढ़ के आदेचौरा कसिनडाड़ा-धनधूरा सड़क क्षतिग्रस्त है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क को ठीक करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>10-01-2006 | 44. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पिथौरागढ़ में बुगाछीना से अलगड़ा मोटर मार्ग का निर्माण वर्ष 2002-2003 में किया गया? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी भिज्ञ हैं कि जिन काश्तकारों की नाप भूमि कटी उसका मुआवजा अभी तक नहीं मिला है? यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्ष 2006 में मुआवजे का भुगतान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10-01-2006 | 45. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव अन्तर्गत राना-मदेश पैदल मार्ग पर बना पैदल पुल वर्ष 1997 की बाढ़ में बह गया था? क्या इस पुल के पुनर्निर्माण न होने से ग्रामीण जान जोखिम में डालकर गांवों तक पहुँच रहे हैं? क्या यह सत्य है कि उक्त पुल के पुनर्निमाण हेतु 32 लाख रूपये का आगणन शासन को स्वीकृति हेतु भेजा गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पुल का पुनर्निमाण कब तक करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10-01-2006 | 46. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी में गंगनानी-सिंगोट-नाकुरी पैदल यात्रा मार्ग पर नन्दगांव और फलारचा के बीच खड्ढ पर यात्रा पैदल पुल क्षतिग्रस्त हुआ है? क्या सरकार यात्रियों और ग्रामीणों के हित मे उक्त पुल का पुनर्निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10-01-2006 | 47. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के अपर यमुना वन प्रभाग की विभिन्न रेंजो में सूखे, उखड़े व गिरे पड़े चीड़, देवदार, कैल एवं फर के वृक्षों का वर्ष 1998-99 से छपान न होने के कारण सरकार को प्रतिवर्ष करोड़ों रूपये की आर्थिक क्षति हो रही है? क्या सरकार राज्य आर्थिकी हित में विभिन्न रेजों में उखड़े, गिरे व सूखे पेड़ों की छपान करवाकर वन निगम को कटान हेतु दिया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10-01-2006 | 48. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के नाकुरी-अठाली व डुण्डा-रनाड़ी हेतु भागीरथी नदी पर बने पैदल झूला पुलों की जी.आई. सीटें व डामरीकरण उखड़ गया है, जिससे भारी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है? क्या सरकार उक्त दोनों पैदल पुलों की मरम्मत करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10-01-2006 | **49.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के नगर पंचायत बड़कोट में वन निगम की पृथक डिवीजन को वर्ष 1996 में बन्द कर दिया गया था? क्या यह सत्य है कि उक्त प्रभाग से सरकार को प्रतिवर्ष राजस्व व स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त होता था? यदि हाँ, तो क्या सरकार राज्य के आर्थिक लाभ व स्थानीय लोगों के रोजगार हेतु उक्त डिवीजन को पुनः स्थापित कब तक करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>10-01-2006 | **50.** क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के ग्राम पंचायत गंडासू में भोलागाड़ में झूला पुल का आंगणन तैयार कर लिया गया है? यदि हाँ, तो उक्त पुल निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री मदन कौशिक<br>10-01-2006 | 51. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त** | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12-01-2006 | **52.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय जिलों में गरीब व बेरोजगार काश्तकारों द्वारा अपनी आजीविका चलाने के उद्देश्य से लगभग कई वर्षो से वन भूमि को जोतकर उद्यान/नकदी फसलों का उत्पादन कर रहें हैं? क्या सरकार काफी पुराने मामलों लगभग आजादी के पहले के कब्जेदारों अथवा किन्ही कारणवश लीज न बढ़ा पाने वाले काश्तकारों को रियायत देकर लीज बढ़ाने पर पुनर्विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12-01-2006 | **53.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में लीसा दोहन की लीसा नीति सरकार द्वारा बना ली गयी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार लीसा नीति की प्रति सुलभ करवायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12-01-2006 | **54.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वन भूमि को लीज पर लिये जाने हेतु नीति सरकार द्वारा निर्धारित की गई है? यदि हाँ, तो वह नीति क्या है? क्या सरकार उक्त नीति की प्रति उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रकाश पन्त<br>12-01-2006 | **55.** क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर निकायों में कार्यरत कर्मचारियों को राज्य कर्मचारियों की भांति पेन्शन, सेवानिवृत्ति लाभ एवं अनुमन्य सुविधायें प्रदान की जा रही हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **नगर विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पन्त<br>12–01–2006 | 56. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि विभाग में कार्यरत वर्कचार्ज कर्मचारियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया की जा रही है? यदि हाँ, तो क्या वर्कचार्ज कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु वरिष्ठता सूची जनपदवार नहीं बनाई जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनपदवार वरिष्ठता सूची बनाये जाने की कर्मचारियों की मांग पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>12–01–2006 | 57. क्या वन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के धौलीगंगा जल विद्युत परियोजना से वन विभाग को वर्ष 2002–2003 में कुल कितना धन प्राप्त हुआ है? उक्त धनराशि किन–किन क्षेत्रों में किस–किस मद में खर्च किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>12–01–2006 | 58. क्या वन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के सानदेव–सौड़ापानी की सड़क से जोड़ने की कोई योजना विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>12–01–2006 | 59. **दिनांक 03–04–2006 को अतारांकित 86 द्वारा उत्तरित** | |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>12–01–2006 | 60. **दिनांक 03–04–2006 को अतारांकित 87 द्वारा उत्तरित** | |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>13–01–2006 | 61. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकासखण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत पिण्डर नदी पर सेरागाड गधेरा आमसौड सेरागाड में 80 मीटर झूला पूल का आगंणन अधीक्षण अभियन्ता 38 वॉ वृत्त लोक निर्माण विभाग गोपेश्वर द्वारा प0सं0 3476/20 यातायात 38/98 दिनांक 6 जुलाई, 1998 को मुख्य अभियन्ता (गढ़वाल क्षेत्र) लोक निर्माण विभाग पौड़ी को भेजा गया था? यदि हाँ, तो उक्त झूलापुल निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ न करने के क्या कारण हैं? क्या सरकार उक्त झूला पुल निर्माण को प्राथमिकता देते हुये इसी वित्तीय वर्ष में स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>13–01–2006 | 62. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत डीडीहाट–आदेचौरा मोटर मार्ग से पमस्यारी तक वर्ष 2002 में सड़क स्वीकृत की गयी थी? यदि हाँ, तो उक्त मार्ग पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>13-01-2006 | **63.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पिथौरागढ़ के चमू वैण्ड-धरोली सड़क में कि0मी0 तीन में निर्माण कार्य किन कारणों से बन्द है? क्या सरकार निर्माण कार्य प्रारम्भ करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>13-01-2006 | **64.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के रानीखेत-चमाली के मध्य द्वालीगाड़ में पैदल पुल में लगे आर0सी0सी0 पटाल टूट जाने से आवागमन अवरूद्ध हो गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार पटालों का निर्माण यथाशीघ्र करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>13-01-2006 | 65. **दिनांक 23-03-2006 को अतारांकित 63 द्वारा उत्तरित** | |
| श्री अजय भट्ट<br>13-01-2006 | 66 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद अल्मोड़ा में चापड़-बिल्लेख सड़क की स्वीकृति कब दी गयी थी तथा आज तक इस सड़क में कार्य प्रारम्भ न होने के क्या कारण हैं? उक्त मोटर मार्ग में कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा? | **लोक निर्माण** |
| श्री अजय भट्ट<br>13-01-2006 | 67. क्या नगर विकास मंत्री को जानकारी है कि रूद्रप्रयाग जिले के अन्तर्गत केदारनाथ धाम में सुलभ शौचालयों में अत्यधिक गन्दगी के कारण पर्यटकों को खुले स्थान में शौच इत्यादि के लिये बैठना पड़ रहा है? क्या यह सत्य है कि इससे पवित्र धाम का वातावरण दूषित हो रहा है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा सुलभ शौचालयों को ठीक करवाने हेतु क्या व्यवस्था की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **नगर विकास** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>16-01-2006 | **68.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत स्थित बल्दियाखान, खुर्पाताल भवाली तथा भीमताल में अत्यधिक यातायात दबाव को नियंत्रित करने हेतु बाई-पास मार्ग की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है? यदि हाँ, तो उक्त बाई-पास मार्ग के निर्माण हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गयी तथा उक्त बाई-पास मार्गों का निर्माण कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

श्री प्रकाश पन्त
16-01-2006

69. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग के ढ़ाचें का पुर्नगठन किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या ढ़ाचें में मानचित्रकार संवर्ग को समाप्त कर दिया गया है? क्या सरकार ढ़ाचे के स्वरूप को सदन के पटल पर रखेगी?

लोक निर्माण

श्री अजय भट्ट
16-01-2006

70. क्या सूचना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा देने पर विचार कर रहीं है? यदि हाँ, तो यह सुविधा कब तक लागू की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

सूचना

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
16-01-2006

71. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड द्वारीखाल में माण्डलू ग्वील मोटर मार्ग कब तथा कितने कि.मी. स्वीकृत की गई थी एवं इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी? क्या मंत्री जी यह भी बतायेगे कि अब तक उक्त मोटर मार्ग पर कुल कितना व्यय किया जा चुका है तथा इस मार्ग की वर्तमान प्रगति क्या है?

लोक निर्माण

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
16-01-2006

72. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत महोदव चट्टी गंगानदी में पैदल पुल का निर्माण कब किया गया था? क्या मंत्री जी की जानकारी में है कि पैदल पुल अत्यन्त क्षतिग्रस्त है? यदि हाँ, तो पुल की मरम्मत में विलम्ब के क्या कारण हैं तथा पुल की मरम्मत इसी वित्तीय वर्ष में कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री हरबंस कपूर
17-01-2006

73. क्या लोक निर्माण मंत्री देहरादून स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठों माण्डू सिद्ध एवं कालू सिद्ध को जाने वाले मार्गों की खराब सड़कों का जीर्णोद्धार करेंगे? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री प्रकाश पन्त
17-01-2006

74. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राज्य के मोटर मार्गो के नियमित रख रखाव हेतु विभागीय अनुरक्षण पूर्व में लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों व मजदूरों द्वारा किया जाता था? यदि हाँ, तो क्या उक्त व्यवस्था की पुर्नबहाली के संबंध में सरकार विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

डा0 नारायण सिंह जन्तवाल
21-01-2006

75. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि वर्ष 2002-03 में सड़कों की स्वीकृति के पश्चात् सड़क निर्माण हेतु N.P.V. (नैट प्रैजेन्ट वैल्यू) जमा करने का प्राविधान नही था? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी अवगत हैं कि वर्ष 2002-03 में जिला योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कई सड़के एन0पी0वी0 की धनराशि जमा न होने के कारण नहीं बन पा रही हैं? क्या सरकार जिला योजना के अन्तर्गत रूकी सड़कों के निर्माण हेतु एन0पी0वी0 जमा करने का निर्णय ले चुकी है?

लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>21–01–2006 | **76.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में पातन पर लगे प्रतिबन्ध से वनों के घनत्व में वृद्धि हो रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि क्या इस प्रतिबन्ध से चीड़ वनों के पुनरोत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है? यदि हाँ, तो सरकार इस दिशा में क्या कार्य कर रही है? | **वन** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>21–01–2006 | **77.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत अदवानी–नाहसैंण–बहेड़ाखाल और सतपुली–ब्यासघाट तथा बहेड़ाखाल–खाण्डा मोटर मार्ग एक लम्बी अवधि से यातायात हेतु बन्द होने के कारण यात्रियों व क्षेत्रवासियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हाँ, तो उक्त बन्द पड़े मार्गों को यातायात हेतु कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>21–01–2006 | **78.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के ग्राम सभा सोकरी के अन्तर्गत सेम गांव के निकट झूलापुल की मांग जनता द्वारा की जा रही है? यदि हाँ, तो उक्त झूलापुल के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>21–01–2006 | **79.** क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी के श्रीगढ़ में झूलापुल का आंगणन शासन को प्राप्त हो गया है? यदि हाँ, तो पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>21–01–2006 | **80.** क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के अन्तर्गत अनुसूचित बाहुल्य ग्राम सभा वुरा को स्पेशल कम्पोनेंट प्लान के अन्तर्गत मोटर मार्ग से जोड़ने पर विचार किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>21–01–2006 | 81. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल में कार्यरत वनरक्षकों को पिछले तीस वर्षों से प्रोन्नति नहीं दी गयी है? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण है? क्या सरकार वन रक्षकों को प्रोन्नति दिये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रकाश पन्त<br>23–01–2006 | 82. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितने वन ग्राम चिन्हित है तथा कितनी वन भूमि पर बस्तियां स्थापित हैं? क्या सरकार वन ग्रामों को राजस्व ग्राम तथा वन भूमि पर निवास कर रहे नागरिकों की भूमि के नियमितीकरण पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24-01-2006 | 83. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी के सैज-जखोल-रैथल मोटर मार्ग के मध्य नवला नदी पर द्वारी और नटीण के बीच मोटर पुल का निर्माण कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>24-01-2006 | 84. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी में लाटा से आगे भटवाड़ी तक मोटरमार्ग भूस्खलन की चपेट में है? यदि हाँ, तो क्या सरकार वैकल्पिक मोटरमार्ग का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>25-01-2006 | 85. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी के भटवाड़ी-चड़ेथी-रैथल मोटरमार्ग पर काश्तकारों का प्रतिकर भुगतान वर्ष 1999 से लम्बित है? यदि हाँ, तो काश्तकारों का लम्बित व अवशेष प्रतिकर का भुगतान कब तक कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>27-01-2006 | 86. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंहनगर के खटीमा नगर के मध्य गुजरने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग अत्यन्त संकरा होने के कारण नगर में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है? यदि हाँ, तो क्या सरकार के पास खटीमा बाईपास बनायी जाने की कोई योजना विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री अजय भट्ट<br>27-01-2006 | 87. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय उद्यानों से जुड़े ''बफर जोन'' के जंगलों को भी राष्ट्रीय पार्क के जंगलों के समान रख-रखाव की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार वन्य जीवों की संख्या में हो रही उत्तरोत्तर वृद्धि को देखते हुए ''बफर जोन'' के जंगलों की स्थिति में सुधार लाने हेतु दीर्घकालिक योजना लागू करने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>27-01-2006 | 88. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में विगत पांच वर्षो में कुल निर्धारित हक हकूक के विरूद्ध कितना हकूक बाँटा गया है? क्या मन्त्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में हरे वृक्षों के पातन पर प्रतिबन्ध के कारण (यदि किसी स्थान पर सूखे उखड़े वृक्ष उपलब्ध न हों तो) हक हकूक का आवंटन कैसे किया जा रहा है? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>27-01-2006 | 89. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत ग्राम सिवाई को जोड़ने वाला झूलापुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल के पुर्न निर्माण पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>27-01-2006 | 90. क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के पेंढ़ी कुजासू मोटर मार्ग का रिवाईज एस्टीमेट का शासनादेश जारी कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>27-01-2006 | 91. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के डिम्मर लिंक मार्ग से वणसोली होते हुये कालूसैण मोटर मार्ग का आंगणन शासन स्तर पर स्वीकृति हेतु लम्बित है? यदि हाँ, तो उक्त मार्ग निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| मौ0 शहजाद<br>31-01-2006<br>श्री तसलीम अहमद<br>31-01-2006 | 92. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार की तहसील रूड़की के अन्तर्गत ग्राम ढ़डेढ़ी ख्वाजीगीपुर में गाटा संख्या 216 ग्राम समाज की भूमि है? उक्त भूमि में कितने पेड़ किस-किस प्रजाति कितनी संख्या में है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान समय में गाटा संख्या 216 में कितने पेड़ खड़े हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि गाटा संख्या 216 में कितने पेड़ वैध तथा अवैध रूप से काटे गये हैं? क्या सरकार अवैध रूप से पेड़ काटने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>01-02-2006 | 93. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में वर्ष 2002 से अब तक किन-किन मोटर मार्गों का निर्माण किया गया है? क्या सरकार सम्पूर्ण विवरण सदन के सम्मुख रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>02-02-2006 | 94. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद अल्मोड़ा के विकासखण्ड द्वाराहाट अन्तर्गत अम्बेडकर ग्राम नयाल सिंलगसेरा के मध्य घौरों नामक स्थान में गगास नदी पर झूला पुल का निर्माण कर लिया गया है? यदि नहीं, तो विलम्ब होने के क्या कारण हैं तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री अजय भट्ट<br>03-02-2006 | 95. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार रानीखेत छावनी परिषद के सिविल एरिया को नगर पालिका बनाने हेतु कोई प्रयास कर रही है? | **नगर विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>03-02-2006 | **96.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रतापनगर क्षेत्र के गांवो को जोड़ने हेतु पुल एवं सड़क की स्वीकृति दे दी गयी है? यदि हाँ, तो कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी है तथा कब तक निर्माण कार्य प्राम्रभ कर दिया जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में इस क्षेत्र में आने-जाने हेतु सरकार द्वारा क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है? क्या दूरी बढ़ने के कारण सरकार ने खाद्यान्न ढुलान एवं यात्री भाड़े में कोई सब्सिडी देने की योजना बनायी है? यदि हाँ, तो कितनी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>04-02-2006 | **97.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत डोर बैण्ड से सैणराथी सड़क तथा डिगोटी से घसाड़ सड़क निर्माण हेतु भारत सरकार से अक्टूबर, 2005 में सैद्धान्तिक स्वीकृति मिली हुई है? यदि हाँ, तो क्या सरकार एन.पी.वी. का पैसा जमा करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>06-02-2006 | **98.** क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत भातड़ -मसमोली-तड़ीगांव मोटर मार्ग की लम्बाई 13 कि.मी. है? क्या यह सत्य है कि मसमोली के बीच 02 कि.मी. सड़क स्वीकृत नहीं है? यदि हाँ, तो क्या सरकार 02 कि.मी. मिसिंग लींग सड़क स्वीकृत करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>07-02-2006 | **99.** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य में बाज, बूरांस आदि पौधों को संरक्षित एवं संवर्द्धन करने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनाई जा रही है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री हरबंस कपूर<br>08-02-2006 | **100.** क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत ऋषिकेश, मुनी की रेती, रायवाला तथा हरिद्वार जनपद के भूपतवाला क्षेत्र तथा लैन्सडाउन जैसे क्षेत्रों में आक्रामक हाथियों का कहर व्याप्त है? यदि हाँ, तो आम नागरिकों को इस कहर से बचाने हेतु विभाग द्वारा कोई सुरक्षात्मक कार्यवाही की गयी है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **वन** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>01-02-2006 | **101.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से राज्य की सड़कों के डेंजर जोन का चिन्हांकन तथा खतरानाक मोड़ों को सुदृढ़ किये जाने की कोई योजना प्रारम्भ की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रकाश पन्त<br>16-01-2006 | **102.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में राज्य कर्मचारियों हेतु निर्मित आवासों का विस्तार कर 2 कमरों का आवास निर्मित किये जाने का प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्ष 2006-07 में कर्मचारियों के पूर्व के मकानों को उच्चीकृत करने हेतु धन स्वीकृत करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>27-02-2006 | **103.** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकासखण्ड भीमताल, ग्राम पंचायत पाण्डे गांव में ''शहीद मोहन सिंह'' के नाम से सड़क निर्माण हेतु शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **लोक निर्माण** |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>10-02-2006 | **104.** क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून महानगर के अन्तर्गत आवास विकास परिषद् उत्तर प्रदेश तथा मसूरी-देहरा विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित आवासीय कालोनियों में एक ही श्रेणी के अन्तर्गत रहने वाले भवन स्वामियों से अलग-अलग ''भवन कर'' वसूला जा रहा है? यदि हाँ, तो क्यों? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि क्या सरकार समान कर प्रणाली लागू करेगी? | **नगर विकास** |

## नत्थी "ग"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 03 अप्रैल, 2006 की बैठक में दिनांक 04 अप्रैल से 05 अप्रैल, 2006 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :-**

**अप्रैल, 2006**

| | |
|---|---|
| 04 मंगलवार | (1) उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971) विधेयक, 2006 जो कि विधान सभा द्वारा 27 मार्च, 2006 को पारित किया गया और जो "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के प्रथम परन्तुक के अन्तर्गत श्री राज्यपाल द्वारा विधान सभा के पुनर्विचार हेतु वापस प्राप्त हुआ है, पर विचार एवं पारण। (30 मिनट)<br>(2) पतंजलि विश्वविद्यालय विधेयक, 2006 पर विचार एवं पारण (30 मिनट)।<br>(3) वित्तीय वर्ष, 2006-2007 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |
| 05 बुधवार | वित्तीय वर्ष, 2006-2007 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। (अन्तिम दिवस) |

## नत्थी "घ"

## संदेश

### ( हिन्दी अनुवाद )

"उत्तर प्रदेश राज्य विधान सभा (अनर्हता निवारण) अधिनियम, 1971 को संशोधित करने के लिए उत्तरांचल राज्य विधान सभा द्वारा दिनांक 27 मार्च, 2006 को पारित एक विधेयक मेरे पास अनुज्ञा हेतु भेजा गया है। इस विधेयक के द्वारा कुछ लाभ के पदों को ऐसे पद घोषित किया जाना अपेक्षित है, जो अनुच्छेद 191(1) (क) के अधीन ऐसे पद धारक को विधान सभा सदस्य चुने जाने के लिए निरर्हित नहीं करेगा। ये पद खण्ड 3 (भ) में क्रमांक 1 से 27 पर वर्णित हैं।

खण्ड 3 (भ) में क्रमांक 27 में प्रविष्टि के द्वारा राज्य सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों से सम्बन्धित सोसाइटी, बोर्ड अथवा समितियां उस श्रेणी में लायी गयी हैं, जिससे उनके पद धारक विधान सभा के सदस्य होने के लिए निरर्हित नहीं होंगे।

अनुच्छेद 191(1) (क) निम्नानुसार है:

> "(1) कोई व्यक्ति किसी राज्य की विधान सभा............का सदस्य चुने जाने के लिए और सदस्य होने के लिए निरर्हित होगा;
>
> (क) यदि वह..................किसी राज्य सरकार के अधीन ऐसे पद को छोड़कर जिसको धारण करने वाले का निरर्हित न होना राज्य के विधान मण्डल ने विधि द्वारा घोषित किया है, कोई लाभ का पद धारण करता है;"

खण्ड (क) के सन्दर्भ में यह देखा जायेगा कि केवल ऐसे लाभ के पद का धारक जिसे विधान मण्डल द्वारा इसके धारक को निरर्हित न होने की घोषणा की गयी हो, निरर्हता की शास्ति से बच सकता है।

यह देखा जा सकता है कि क्रमांक 27 की प्रविष्टि क्रमांक 1 से 26 में वर्णित पदों के जैसे संवैधानिक अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए किसी वास्तविक पद की विशिष्ट रूप से पहचान नहीं करती। अतः क्रमांक 27 की प्रविष्टि संविधान के प्राविधान का अनुपालन करती हुई प्रतीत नहीं होती, जिसके अनुसार केवल उसी पद का धारक संविधान के अनुच्छेद 191 के अनुसार निरर्हित होने से बच जायेगा जिस पद के धारक को राज्य के विधान मण्डल ने विधि द्वारा निरर्हित न होने की घोषणा की हो।

यह विधेयक इस अनुरोध के साथ सदन को पुनर्विचार हेतु लौटाया जा रहा है कि विशिष्टतया विनिर्दिष्ट अन्य वास्तविक पद, यदि कोई हों, को चिन्हित करे जिससे संवैधानिक अपेक्षाएं पूर्ण हो सकें।

सुदर्शन अग्रवाल
राज्यपाल, उत्तरांचल,
29-03-2006"

# MESSAGE

A Bill to amend The Uttar Pradesh State Legislature (Prevention of Disqualification) Act, 1971 passed by the Uttaranchal State Assembly on March 27, 2006 has been sent to me for giving Assent to the Bill. By this Bill, certain *offices of profit* are sought to be declared as offices which will not disqualify its holder under Article 191(1)(a) from being a member of the Assembly. These offices are mentioned in Clause 3 (x) at serial nos. 1 to 27.

By the entry at serial no. 27 in Clause 3 (x), *Societies, Boards or Samities etc.* relating to Ministries and Departments of the State Government have been brought in that category as "not to disqualify their holders" from being member of the Assembly.

Article 191(1)(a) reads as follows :

> "(1) A person shall be disqualified for being chosen as, and for being, a member of the Legislative Assembly ......... of a State;
>
> (a) if he holds any office of profit under ............. the Government of any State ........... other than **an office** declared by the Legislature of the State by law not to disqualify its holder;"

From perusal of Clause (a), it will be seen that only holder of an office of profit which is declared by the Legislature not to disqualify its holder can escape from the penalty of disqualification.

It would be seen that the entry at Serial No.27, unlike the offices mentioned at serial nos. 1 to 26 does not specifically identify an actual office to meet the constitutional requirement. Thus, the entry made at serial no. 27 does not appear to be in conformity with the provision of the Constitution which in terms says that only **an office** declared by the Legislature of the State by law not to disqualify its holder, shall protect him from disqualification under Article 191.

The Bill is returned to the Assembly with the request that the House do reconsider and specifically identify other actual offices, if any, to meet the constitutional requirement.

( Sudarshan Agarwal )
Governor, Uttaranchal
29-3-2006